पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने अपने पूर्व परिसहाय श्री गौरव सिंह को भावभीनी विदाई दी

लखनऊः 6 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में अपने पूर्व परिसहाय श्री गौरव सिंह को विदाई दी तथा उनके सम्मान में राजभवन में समस्त अधिकारियों के लिए मध्याहन भोजन का आयोजन किया।

राजभवन में आज आयोजित विदाई समारोह में श्री गौरव सिंह को राज्यपाल श्री राम नाईक सहित सभी अधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। राज्यपाल ने इस अवसर पर उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री गौरव सिंह अपनी कार्यकुशलता से भविष्य में नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

इस अवसर पर राज्यपाल की पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक, श्री गौरव सिंह की पत्नी श्रीमती नेहा पाण्डे आई0पी0एस0 सहित राजभवन के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल के नये परिसहाय (एडीसी) डाॅ0 अभिषेक महाजन ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डाॅ0 अभिषेक महाजन भारतीय पुलिस सेवा के 2013 बैच के अधिकारी हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (134/10)